# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़(छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

**गढ़उमरिया, ओड़िसा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001**

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 630/ **R&D Cell** /2024 रायगढ़, दिनाँक 31/01/2024

**शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) एवं शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने संबंधी आवश्यक दिशानिर्देशः–**

**(विश्वविद्यालय के पी–एच.डी. विनियम–क्रमांक –13 (यथा संशोधित) के प्रावधानानुसार)**

1. प्रत्येक शोधार्थी को पी–एच.डी. पंजीयन तिथि से प्रत्येक 06 माह का प्रगति प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप (Form F) के अनुसार, वांछित शुल्क विश्वविद्यालय कोष में ऑनलाइन माध्यम से जमा कर वांछित दस्तावेज यथा पेपर पब्लीकेशन, कॉन्फ्रेंस में सहभागिता इत्यादि तथा शुल्क रसीद की एक प्रति के साथ अकादमी विभाग में जमा किया जाना है।
   (विस्तृत विवरण कंडिका क्रमांक–12 पी.–एच.डी. विनियम क्रमांक –13 (यथा संशोधित))
2. **शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) के संबंध में**:–प्रत्येक शोधार्थी को शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने के पूर्व निम्नानुसार शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जानी हैः–

i. पंजीयन तिथि से 36 माह पश्चात, शोधार्थी अपना शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने के पात्र होंगे, परंतु उसके तीन माह पूर्व शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) जमा करना होगा।

ii. शोधार्थी को अपनी शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary), शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) के प्रारूप (appendix-IV) में ही 06 कॉपी में विश्वविद्यालय के अकादमी विभाग में जमा करना होगा तथा शोध संक्षेपिका की Soft Copy अकादमी विभाग में जमा कराना होगा।

iii. शोधार्थी को अपने शोध कार्य का प्रेजेन्टेशन, संबंधित विषय के विभागीय शोध समिति (DRC) के समक्ष देना होगा। इस संबंध में स्थान, तिथि एवं समय का निर्धारण संबंधित विषय के विभागीय शोध समिति के द्वारा ही किया जावेगा।

iv. शोधार्थी के शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) का मूल्यांकन संबंधित विषय के विभागीय शोध समिति द्वारा संलग्न प्रोफार्मा (Form G) के आधार पर किया जावेगा। यह समिति शोधार्थी को शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने/संशोधन करने के संबंध में आवश्यक अनुशंसा करेगी।

3. **शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने के संबंध में**:–
   इस संबंध में प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

i. शोध संक्षेपिका (Ph.D.Summary) जमा करने के तीन माह पश्चात शोधार्थी शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने हेतु पात्र होंगे। परंतु यह अवधि 36 माह पश्चात की होनी चाहिए (निम्नानुसार समयावधि में छूट का प्रावधान)।

ii. शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने के पूर्व शोधार्थी का दो शोध पत्र Standard Indexed Peer Reviewed Journals with ISSN/ISBN No.में प्रकाशित होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त दो शोध पत्रों का प्रेजेन्टेशन किसी कॉन्फ्रेंस या सेमीनार में होना आवश्यक है।

**(विस्तृत विवरण कंडिका क्रमांक – 13, पी–एच.डी. विनियम क्रमांक – 13)**

31/01/24

प्रभारी अधिकारी (अकादमी) 31/01/24
शहीद नंदकुमार पटेल
विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

Registrar
Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya
Raigarh (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

iii. शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) जमा करने के पूर्व शोधार्थी को शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) की सॉफ्ट कॉपी लाकर पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय, (अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर) के पुस्तकालय विभाग (कक्ष क्रमांक 401) से प्लेगरिज्म चेक कराना आवश्यक होगा। प्लेगरिज्म 15% से अधिक होने की स्थिति में शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) को संशोधित कर पुनः प्लेगरिज्म रिपोर्ट प्राप्त करना आवश्यक होगा तथा इस संबंध में संलग्न प्रोफार्मा (Form K) पर संबंधित के हस्ताक्षर प्राप्त करना होगा।

iv. इस प्रकार समस्त अनुलग्नकों के साथ Appendix – IV के आधार पर निर्मित शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) की तीन हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय के अकादमी विभाग में जमा करना होगा।

v. हार्ड कॉपी के साथ CD अथवा Pendrive में सॉफ्ट कॉपी भी जमा करना अनिवार्य होगा।

vi. समस्त–अनुलग्नकों में उचित स्थान पर संबंधितों के हस्ताक्षर एवं मुहर आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) स्वीकार्य योग्य नहीं होगा।

vii. शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) के निर्माण हेतु निम्नानुसार Font style एवं Font size उपयोग करना होगाः–

| | |
|---|---|
| हिन्दी माध्यम हेतुः | Font type - Kruti Dev |
| | Font size - 16 |
| अंग्रेजी माध्यम हेतुः | Font type - Times New Roman |
| | Font size - 12 |

Heading एवं Subtitle की Font size पृथक हो सकती है। परंतु Font style उपरोक्तानुसार ही होगी।

viii. शोध ग्रंथ (Ph.D.Thesis) में Reference एवं Citation style APA फॉर्मेट में किया जाना आवश्यक होगा। अंग्रेजी विषय हेतु Reference एवं Citation style MLA होगा। विज्ञान विषयों के शोधग्रंथ में न्यूनतम 75 रिफ्रेंस तथा अन्य विषयों में न्यूनतम 60 रिफ्रेंस होने चाहिए। सभी Reference का Citation अनिवार्यतः शोधग्रंथ में होना चाहिए।

ix शोधग्रंथ के अन्य अनुलग्नक यथा Declaration, Acknowledgement forwarding by supervisor etc.एक नियत फॉर्मेट में ही संलग्न करना होगा।

x शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) के परीक्षणोपरांत, शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) सही पाये जाने की स्थिति में शोधार्थी को Open Viva-Voce हेतु निर्देशित किया जावेगा। इस संबंध में स्थान, तिथि एवं समय से संबंधित जानकारी परीक्षा/गोपनीय विभाग द्वारा दी जावेगी। शोधार्थी को अपने शोधग्रंथ (Ph.D.Thesis) का प्रेजेन्टेशन परीक्षकों के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

(विस्तृत विवरण कंडिका क्रमांक – 14 पी–एच.डी. विनियम क्रमांक – 13 (यथा संशोधित))

31/01/24

31/01/24
प्रभारी अधिकारी (अकादमी)
शहीद नंदकुमार पटेल
विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

Registrar
Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya
Raigarh (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner